खोल खजाने बांट रहा है

खोल खजाने बांट रहा है,
सबको बारी बारी,
बैठा खाटू में श्याम बिहारी,
ये दौलत देता है,
ये शोहरत देता है...-2
देता है महल अटारी,
बैठा खाटू में श्याम बिहारी।

सेठों का ये सेठ कुहावे,
कदे नहीं खाली लोटावे....-2
जग जाने दातारी,
बैठा खाटू में श्याम बिहारी।

गाँव गली शहरों में चर्चा,
हाथों हाथ ये देता है परचा...-2
कहती दुनिया सारी,
बैठा खाटू में श्याम बिहारी।

प्रेम के जो आंसू टपकावे,
उसपे सुख सारे बरसावे...-2
कलयुग का अवतारी,
बैठा खाटू में श्याम बिहारी।

यही 'राम' सुन के है आया,
रंक को तूने राजा बनाया...-2
छवि 'बेधड़क' प्यारी,
बैठा खाटू में श्याम बिहारी।

ये दौलत देता है,
ये शोहरत देता है,
देता है महल अटारी,
बैठा खाटू में श्याम बिहारी......

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/22896/title/khol-khjaane-baant-raha-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |